# कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस-नोट

**दिनांकः- 22/06/2025**

**विषय:- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा हनुमान जी के मुकुट की चोरी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, मुकुट के छोटे बड़े कुल 06 टुकड़े बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यू अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली पर दिनांक 21.06.2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0 097/2025 धारा 303(2) बीएनएस से संबधित हनुमान जी का मुकुट जिसको अभियुक्त द्वारा दिनांक 19.06.2025 को महामृत्युंजय मंदिर के पास अखाड़ा में स्थित हनुमान जी मंदिर से चोरी कर लिया गया था, जिसे मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अजय सेठ पुत्र जवाहिर सेठ निवासी जे 54/141 दारानगर थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र 36 वर्ष को गायघाट कूड़ाखाना से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे हनुमान जी का चोरी किया गये मुकुट के छोटे बड़े कुल 06 टुकड़े बरामद हुए। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**विवरण पूछताछः-** पूछताछ पर अभियुक्त अजय सेठ पुत्र जवाहिर सेठ निवासी जे 54/141 दारानगर थाना जैतपुरा वाराणसी बता रहा है कि दिनांक 19.06.2025 को मैने महामृत्युंजय मंदिर के पास स्थित अखाड़े से हनुमान जी का मुकुट चोरी कर लिया था और मुकुट को कई टुकड़े में तोड़ दिया था जिसको बेचने के लिए आज लेकर निकला था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. अजय सेठ पुत्र जवाहिर सेठ निवासी जे 54/141 दारानगर थाना जैतपुरा वाराणसी उम्र 36 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-** हनुमान जी के मुकुट के छोटे बड़े कुल 06 टुकड़े।

**गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः-** दिनांक- 22.06.2025 स्थानः- गायघाट कूड़ाखाना के पास से थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. श्री दया शंकर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार,चौकी प्रभारी सप्तसागर थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी,
3. उ0नि0 नारायण जी यादव, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. का0 आशीष यादव, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
5. का0 रितेश कुमार, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**